
# राजसमंद : केमिकल से भरा टैंकर पलटा, आग लगने से चालक जिंदा जला

## आग बुझाने के बाद पता चल पाया कि टैंकर चालक की जिंदा जलने से मौत हो गई

**राजसमंद,** (निसं)। जिले के दिवेर थाना क्षेत्र के छापली घाट में फोरलेन सड़क पर केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया और टैंकर में भीषण आग लग गई। घटना के बाद फोरलेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं सूचना पर दिवेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को कंट्रोल किया। टैंकर में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। मौके पर राजसमंद, आमेट सहित अन्य जगहों से पांच दमकलों की टीम मौके पर पहुंची और करीब 2 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, इसके बाद पता चल पाया कि टैंकर चालक की जिंदा जलने से मौत हो गई।

- **चालक उदयपुर से केमिकल से भरा टैंकर अजमेर लेकर जा रहा था, दिवेर थाना क्षेत्र के छापली घाट में फोरलेन पर हादसा हो गया**
- **घटना के बाद फोरलेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई, दिवेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को कंट्रोल किया**



केमिकल से भरे टैंकर में भीषण आग लगने के बाद पांच दमकलों की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार टैंकर चालक गुडली उदयपुर निवासी सोहनलाल डांगी उदयपुर से केमिकल से भरा टैंकर अजमेर लेकर जा रहा था। इस दौरान छापली के घाटे में हादसे का शिकार हो गया। वहीं घटना के बाद फोरलेन पर बाधित यातायात को पुलिस ने एक तरफा कर सुचारु किया, इसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। वहीं दिवेर थाना पुलिस चालक के शव को स्थानीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाकर आगे की जांच शुरू कर दी है, लेकिन टैंकर में लगी आग की घटना के बाद एक समय अफरा-तफरी सा महौल हो गया था। मौके पर बडी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने मौके से क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त टैंकर को हटवाकर फोरलेन पर यतायात बहाल करवाया और जांच शुरु कर दी है।

# रेलिंग से टकराई पावर बाइक, एम.पी. के युवक की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के डीपीएस-सांगरिया रोड हाइवे पर पावर बाइक सवार युवक आधी रात ढाई बजे तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गया। गाड़ी सड़क पर लगी रेलिंग से टकरा गई, जिससे बाइक सवार गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। एंबुलैंस की मदद से उसे एम्स अस्पताल भिजवाया गया, 15 मिनट के अंतराल में मौत हो गई। मां-पिता एमपी से जोधपुर पहुंचे और मामला दर्ज कराया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया। मृतक निजी फर्म में नौकरी करता था।

- **जोधपुर में एक निजी कंपनी में काम करता था युवक, इंडिया बुल्स में ही रहता था**

चौहाबो थाने के हैड कांस्टेबल हरेंद्र मेहला ने बताया कि मूलतः मध्यप्रदेश के बैतुल का रहने वाला सौरभ पुत्र सुबोध हलधर यहां जोधपुर में एक निजी कंपनी में काम करता था। वह यहां इंडिया बुल्स में ही रहता था। 2-3 मई की रात ढाई बजे अपनी पावर बाइक से डीपीएस-सांगरिया हाइवे पर निकल रहा था। संभवत : उसकी गाड़ी की गति तेज थी और वह अनियंत्रित होकर सड़क पर लगी रेलिंग से टकरा गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे एम्स अस्पताल ले जाया गया, मगर कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

हैड कांस्टेबल हरेंद्र मेहला ने बताया कि वह अविवाहित था और यहां अकेला ही रहता था। घटना के बाद उसके परिजन को सूचना दी गई। वे जोधपुर पहुंचे और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रथम दृष्ट्या मामला स्वतः रेलिंग से टकराना प्रतीत हुआ है। उसके संभवत : हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था। अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# डूंगरपुर में पारिवारिक विवाद में भाई ने भाई की हत्या की

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के निठाउवा थाना क्षेत्र के डूंगलई गांव में एक पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी, जबकि बीच-बचाव करने आई भाभी को भी घायल कर दिया। घायल महिला को सागवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

निठाऊवा थाने के सीआई ने बताया कि डूंगलई निवासी देवली ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवली ने बताया कि उनके पति कन्हैयालाल कपड़े सिलाई का काम करते थे। घटना के दिन उनकी बेटी पुष्पा और देवर सोहनलाल की पत्नी भुला के बीच बकरियों के लिए चारा गिराने जैसी मामूली बात पर कहासुनी हो गई थी। इस विवाद से नाराज होकर सोहनलाल की पत्नी भुला अपने पीहर चली गई। जब सोहनलाल घर लौटा और उसे अपनी पत्नी के घर छोड़कर जाने का पता चला, तो वह आग बबूला हो गया। गुस्से में वह कन्हैयालाल के घर में घुस गया और चिल्लाने लगा कि उसकी बेटी की वजह से उसकी पत्नी पीहर चली गई है। इसी दौरान सोहनलाल ने अपने भाई कन्हैयालाल के पेट में चाकू मार दिया, जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पडे। जब पत्नी देवली अपने पति को बचाने के लिए बीच में आईं, तो सोहनलाल ने उन पर भी चाकू से वार किया। चाकू उनके बाएं हाथ की कोहनी के आर-पार हो गया। घटना के तुरंत बाद दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए निठाउवा ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सागवाड़ा रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान कन्हैयालाल की मौत हो गई। पुलिस ने देवली की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी सोहनलाल की तलाश में जुट गई है।

# अजमेर में महिला नकबजन गिरफ्तार, 20 लाख के जेवर बरामद

## पीसांगन क्षेत्र में किरायेदार बनकर रह रही थी महिला

**अजमेर,** (कासं)। जिले में बढ़ रही चोरी, नकबजनी और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पीसांगन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर महिला नकबजन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से 20 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

- **पीसांगन थाना क्षेत्र में 19 अप्रैल को मेवाड़िया गांव सूने मकान से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी हुये थे**

ग्रामीण एएसपी दीपक कुमार ने बताया कि पीसांगन थाना क्षेत्र में 19 अप्रैल को मेवाड़िया गांव निवासी 75 वर्षीय वृद्धा चुका देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके सूने मकान से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए। 12 अप्रैल को घर लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने पुराने अपराधियों का डेटा खंगाला, संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी और तकनीकी विश्लेषण के साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार निगरानी और सूचना संकलन के बाद पुलिस को एक संदिग्ध महिला के बारे में पुख्ता जानकारी मिली। तीन मई को पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला पीसांगन क्षेत्र में किरायेदार बनकर रह रही है और संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला को डिटेन कर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी महिला ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। आरोपी महिला की निशानदेही पर पुलिस ने प्रतापपुरा रोड स्थित एक सूने मकान से चोरी किया गया सामान बरामद किया। बरामद माल में सोने-चांदी के आभूषण, नकदी राशि सहित अन्य कीमती सामान शामिल है, जिसकी कुल कीमत 20 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

# कार पर पुलिस का लोगो लगाकर तस्करी कर रहे पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। जिला विशेष टीम और बिजौलियां थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक लग्जरी कार से भारी मात्रा में अवैध अफीम डोडा-चूरा और हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो पंजाब के निवासी हैं।

- **बिजौलियां पुलिस ने 37 लाख का डोडा-चूरा, पिस्टल और 21 जिंदा कारतूस सहित लग्जरी कार जब्त की**
- **पुलिस को अल्काजार कार में 13 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 246 किलो 620 ग्राम डोडा-चूरा मिला**
- **पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क और हथियारों के स्त्रोत का पता लगाने में जुटी**

जानकारी के अनुसार, तस्करों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए अपनी अल्काजार कार पर पुलिस का लोगो लगा रखा था। डीएसटी के एएसआई अशोक कड़वा की सूचना पर थानाधिकारी स्वागत पंड्या ने केसरगंज कट पर नाकेबंदी की। लाडपुरा की ओर से आ रही संदिग्ध कार को जब रोका गया तो तलाशी के दौरान उसमें 13 प्लास्टिक के कट्टों में भरा 246 किलो 620 ठाम डोडा-चूरा मिला। पकड़े गए तस्कर न केवल मादक पदार्थों की सप्लाई कर रहे थे, बल्कि वे हथियारों से भी लैस थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 1 पिस्टल, 2 मैगजीन और 21 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जब्त किए गए डोडा-चूरा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 37 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने तकदीर सिंह (27) निवासी बरनाला, पंजाब और दलजीत सिंह (37) निवासी बरनाला, पंजाब को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार हुई इस कार्रवाई में थानाधिकारी स्वागत पंड्या, एएसआई सुनील बेनिवाल (विशेष भूमिका), एएसआई अशोक कड़वा (डीएसटी) और साइबर सेल के एएसआई आशीष सहित पूरी टीम का अहम योगदान रहा। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क और हथियारों के स्त्रोत का पता लगाने में जुटी है।

# सीकर में किसान ने आत्महत्या की

**सीकर,** (निसं)। सीकर जिले के फतेहपुर सदर थाना इलाके के गोड़ियां बड़ा गांव में किसान (42) ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। किसान ने अपने ही खेत के पेड़ में फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह जब शव को पेड़ पर लटका हुआ देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। फिलहाल शव को धानुका अस्पताल की मोर्च्यूरी में रखवाया गया है। घटना सोमवार देर रात की है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की तह तक जांच में जुटी है। मृतक का नाम सोहनलाल छबरवाल (42) पुत्र शैतान निवासी गोड़ियां बड़ा है, जिसने अपने ही खेत में पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड किया। सुबह परिजनों ने जब शव को पेड़ पर लटका हुआ देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी।

# पाकिस्तान से आई डेढ़ किलो हेरोइन, एक किलो अफीम व हथियार बरामद

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीगंगानगर जिले में कार सवार तस्करों ने पुलिस की नाकाबंदी तोड़कर भागने की कोशिश की। इस दौरान तेज रफ्तार कार से सामने खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तस्करों की गाड़ी बंद हो गई। पुलिस ने पंजाब के रहने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनकी कार भी जब्त की है। पुलिस को तस्करों के पास से हेरोइन, अफीम और विदेशी हथियार मिले हैं, जो पाकिस्तान से भेजे गए थे। मामला समेजा कोठी थाना क्षेत्र का का है।

- **श्रीगंगानगर जिले में कार सवार तस्करों ने पुलिस की नाकाबंदी तोड़कर भागने की कोशिश की थी, पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया**
- **दोनों गिरफ्तार आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं, इनके पाकिस्तान और पंजाब के अन्य तस्करों से लिंक की भी जांच की जा रही है**

एसपी हरिशंकर ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे नशे की खेप और हथियार तस्करी की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने समेजा कोठी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-911 (श्रीगंगानगर से खाजूवाला, बीकानेर) पर भारी नाकाबंदी की थी। ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैरिकेडिंग लगाकर सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। इसी दौरान अनूपगढ़ की तरफ से तेज स्पीड में एक लग्जरी कार आती नजर आई। इस कार का पुलिस पीछा कर रही थी।

तस्कर ने रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली से नाकाबंदी देखी तो जोरदार टक्कर मारकर आगे निकलने की कोशिश की, लेकिन उनकी गाड़ी रुक गई। गाड़ी रुकते ही दोनों तस्कर उतरकर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों के पास से पाकिस्तान की तरफ से भेजी गई ड्रग्स और हथियारों की खेप बरामद हुई है। खेप में 1.50 किलो हेरोइन, 1 किलो अफीम, 5 विदेशी पिस्टल और 72 राउंड थे। दोनों आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं। इनके पाकिस्तान और पंजाब के अन्य तस्करों से लिंक की भी जांच की जा रही है। फिलहाल दोनों आरोपियों से थाने में पूछताछ की जा रही है और नेटवर्क तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस इस पूरे अंतरराष्ट्रीय तस्करी रैकेट की परतें खोलने में जुटी हुई है।

# अजमेर में तीन भाइयों के सूने मकानों से 15 लाख के जेवर चोरी

## ब्यावर में मायरा कार्यक्रम में गए थे सभी परिवारजन, पीछे से चोरों ने मकानों के ताले तोड़े

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर के रामगंज थाना क्षेत्र स्थित सोमलपुर इलाके में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों के सूने मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। घटना उस समय हुई जब तीनों परिवार सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घरों पर ताला लगाकर बाहर गए हुए थे।


- **पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली**

जानकारी के अनुसार सोमलपुर निवासी रफीक खान, शोकीन खान और फिरोज खान अपने-अपने परिवारों के साथ ब्यावर में आयोजित मायरा कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान उनके मकान पूरी तरह सूने पड़े थे, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। जब तीनों परिवार वापस लौटे तो उनके होश उड़ गए। मकानों के मुख्य दरवाजों के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारियों के ताले भी तोड़े जा चुके थे। जांच करने पर पता चला कि घरों में रखे सोने-चांदी के आभूषण और कीमती सामान चोरी हो चुके हैं। घटना के बाद पीड़ितों ने तुरंत रामगंज थाने पहुंचकर अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज करवाई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, तीनों भाइयों को मिलाकर करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है, साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# गुढ़ागौड़जी में प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध, सड़कों पर उतरे व्यापारी

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। गुढ़ागौड़जी कस्बे में मंगलवार को उस समय माहौल गरमा गया, जब स्टेट हाईवे-37 पर प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने पूरा बाजार बंद कर प्रदर्शन किया। मुख्य बाजार में सैकड़ों व्यापारी एकत्रित हो गये और धरने पर बैठ गये। वहीं प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई रोकने की मांग उठाई। व्यापारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।



गुढ़ागौड़जी कस्बे में प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।

- **व्यापारियों ने मांग रखी कि प्रशासन पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराए, उसके बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए**
- **हाईकोर्ट के आदेश पर 80 फीट चौड़ी होगी स्टेट हाईवे-37, प्रशासन ने 15 दिन का अल्टीमेटम दिया था**

जानकारी के अनुसार प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश की पालना में स्टेट हाईवे-37 को 80 फीट चौड़ा करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत सड़क के दोनों ओर से 25-25 फीट अतिरिक्त भूमि खाली कराने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम जारी किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि तय समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी और खर्च भी संबंधित लोगों से वसूला जाएगा।

धरनास्थल पर व्यापारियों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्षों से स्थापित दुकानों और व्यवसायों को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हटाना हजारों परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला है। व्यापारी प्रतिनिधि प्रदीप कुमावत ने कहा कि अचानक की जा रही इस कार्रवाई से छोटे व्यापारियों का रोजगार पूरी तरह प्रभावित होगा। उन्होंने मांग रखी कि प्रशासन पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराए, उसके बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए।

दूसरी ओर प्रशासन का रुख पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है और इसमें किसी भी प्रकार की नरमी संभव नहीं है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि निर्धारित समय सीमा समाप्त होते ही व्यापक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी, जिसमें सरकारी निर्माण भी दायरे में आ सकते हैं। बाजार बंद और प्रदर्शन के चलते कस्बे में दिनभर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। हालांकि प्रशासन ने हालात नियंत्रण में होने का दावा किया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क रहा। स्टेट हाईवे-37 क्षेत्र की प्रमुख सड़क मानी जाती है और बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए इसे चौड़ा करने की योजना बनाई गई है, लेकिन सड़क चौड़ीकरण की इस मुहिम ने अब व्यापारियों और प्रशासन को आमने-सामने ला खड़ा किया है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा और गर्माने के संकेत मिल रहे हैं।

# पुलिस पर जानलेवा हमला करने के दो इनामी बदमाशों को पकड़ा

**झुंझुनूं/गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। गुढ़ागौड़जी थाना पुलिस ने पुलिस जाप्ते पर जानलेवा हमला कर सरकारी वाहनों को टक्कर मारने और चार सरकारी कर्मचारियों को घायल करने के सनसनीखेज मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच-पांच हजार रुपए के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में हिस्ट्रीशीटर विरेन्द्र उर्फ कालू और विकास उर्फ विक्की शामिल हैं। मामले में पूर्व में भी दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

- **सरकारी गाड़ियों को टक्कर मारी थी, चार पुलिसकर्मी घायल हुए थे**

पुलिस के अनुसार यह पूरी वारदात 14 मार्च 2026 को गुढ़ाबावनी के बांडियानाला क्षेत्र में हुई थी, जब पुलिस को सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर रोहित महला अपने गैंग के साथ किसी बड़ी वारदात की फिराक में मौजूद है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर बदमाशों ने सीधे हमला बोल दिया। मारने की कोशिश- गश्त के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर बिना नंबर की बोलेरो पिकअप चढ़ाने का प्रयास किया गया। आरोपी विरेन्द्र उर्फ कालू ने सरकारी वाहन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि एयरबैग खुलने से पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसी दौरान हिस्ट्रीशीटर रोहित महला दूसरी पिकअप लेकर मौके पर पहुंचा और पुलिस जाप्ते को कुचलने की नीयत से वाहन दौड़ा दिया। इस हमले में पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। बदमाशों ने मौके से अपने पकड़े गए साथी को छुड़ा लिया और राजकार्य में बाधा पहुंचाई। हमले के बाद भागते समय रोहित महला की गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में घायल होने के बावजूद पुलिस ने उसे दबोच लिया, जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि रोहित महला के खिलाफ पहले से 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह आरवी ग्रुप 0038 नाम से गैंग संचालित करता है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं, पीडीपीपी एक्ट तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, पुलिस पर हमला करने, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत और वृताधिकारी महावीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेश कुमार रोलन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार दबिश देकर आरोपी विरेन्द्र झाझड़िया उर्फ कालू निवासी नाटास और विकास स्वामी उर्फ विक्की निवासी गुढ ाबावनी को गिरफ्तार कर लिया।